# गोरखपुर बनेगा मेट्रोपोलिटन सिटी

## संबंधित प्रस्ताव को कैबिनेट बाईसर्कुलेशन मिली मंजूरी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। गोरखपुर को मेट्रोपोलिटन सिटी बनाने का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए पिपराइच नगरपालिका और गोरखपुर से सटे चार विकास खंडों को गोरखपुर नगर निगम में शामिल करने के प्रस्ताव को शुक्रवार को कैबिनेट बाईसर्कुलेशन के माध्यम से मंजूरी दे दी गई है।

दरअसल, राज्य सरकार गोरखपुर में लाइट मेट्रो चलाना चाहती है, लेकिन आबादी कम होने के कारण यह शहर उस दायरे में नहीं आ पा रहा था। इसके लिए शहर को मेट्रोपोलिटन घोषित करना जरूरी होता है। इन मानकों को पूरा करने के लिए सरकार ने उक्त प्रस्ताव लाया था। इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने से मेट्रोपोलिटन सिटी का दर्जा दिए जाने का रास्ता साफ हो गया है।

### पेट्रोल-डीजल पर वैट घटाने को अनुमोदन

लखनऊ। प्रदेश में पेट्रोल-डीजल पर वैट घटाने के निर्णय को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन के माध्यम से शुक्रवार को अनुमोदन दे दिया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना पहले ही जारी हो चुकी है। सरकार ने यह कदम डीजल-पेट्रोल पर वैट घटाकर उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए उठाया है। ब्यूरो



### भूटान को वाराणसी में मुफ्त मिलेगी दो एकड़ जमीन

लखनऊ। रॉयल गवर्नमेंट ऑफ भूटान को वाराणसी में पिंडरा के पास बौद्ध मंदिर और गेस्ट हाउस बनाने के लिए दो एकड़ जमीन निशुल्क दी जाएगी। केंद्र सरकार के जरिए भूटान ने वाराणसी में बौद्ध मंदिर और गेस्ट हाउस निर्माण के लिए जमीन आवंटित करने का प्रस्ताव दिया था। केंद्रीय विदेश मंत्रालय की एनओसी के बाद प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को जमीन आवंटित करने का प्रस्ताव कैबिनेट में पेश किया जिसे कैबिनेट बाईसर्कुलेशन मंजूरी दे दी गई। ब्यूरो